# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

**विज्ञापन सं. 2ए /2013-14**

(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **www.rbi.org.in** से प्राप्त किया जा सकता है )

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑन-लाइन आवेदन करें । आवेदन जमा करने के लिए कोई और तरीका उपलब्ध नहीं है ।**

**महत्वपूर्ण तारीखें:-**

| | |
|---|---|
| **वेबसाइट लिंक खुला रहेगा- आवेदनों के ऑन-लाइन पंजीकरण के लिए** | **18.11.2013 से 17.12.2013** |
| **शुल्क का भुगतान ऑन-लाइन** | **18.11.2013 से 17.12.2013** |
| **बैंक शाखाओं में शुल्क का भुगतान (ऑफ-लाइन)** | **20.11.2013 से 21.12.2013** |
| **भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय में प्रमाणपत्रों/ दस्तावेजों की प्रतियों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तारीख** | **24.12.2013 (अपराह्न 6 बजे)** |

| **पद** | **रिक्तियों की संख्या** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **अनारक्षित अर्थात/सामान्य (सामा)** | **अनुसूचित जाति (अजा)** | **अनुसूचित जनजाति (अजजा)** | **अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)#** | **कुल** |
| **सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड 'ए'@** | **12** | **09*** | **03**** | **10***** | **34** |

**@** इस पद की पहचान नि:शक्तजन वर्ग के अंतर्गत आरक्षित किए जाने के लिए नहीं की गई है ।

**#** अपिव वर्ग से संबंधित जो उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' में आते हैं वे अपिव आरक्षण के लिए हकदार नहीं हैं । उन्हें अपने वर्ग का उल्लेख 'सामान्य (सामा)' के रूप में करना चाहिए ।

*5 बैकलॉग रिक्तियां शामिल

**ये बैकलॉग रिक्तियां हैं

***3 बैकलॉग रिक्तियां शामिल

(क) **कार्य संबंधी अपेक्षाएं:** वे अग्रलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे (i) बैंक के कार्यालय भवनों में ट्रेज़र वाल्टों, गलियारों, प्रवेश और बर्हिगमन द्वारों आदि के लिए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पहरेदारी और चौकीदारी की व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी, मानिटरिंग, रिकार्डिंग आदि (ii) प्रोटोकॉल संबंधी कार्य (iii) बैंक की संपत्ति की सुरक्षा/अनुरक्षण तथा (iv) इस प्रयोजन के लिए लगाए गए स्टाफ पर नियंत्रण ।

(ख) **पात्रता मानदण्ड:**

(I) **अनुभव (दिनांक 01.11.2013 को):**

(i) उम्मीदवार थल सेना/जल सेना/ वायु सेना में न्यूनतम पांच वर्ष की कमीशन-प्राप्त सेवा कर चुका कोई अधिकारी होना चाहिए ।

अथवा

(ii) उम्मीदवार सहायक कमांडेंट या समकक्ष रैंक का होना चाहिए तथा अर्धसैनिक बल जैसे सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आसाम राईफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, रक्षा सुरक्षा कोर, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, रेलवे सुरक्षा बल, राष्ट्रीय राईफल्स, विशेष सुरक्षा बल, कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन, स्पेशल फ्रन्टियर फोर्स तथा होम गार्ड्स में न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा कर चुका हो ।

(II) **आयु (दिनांक 01.11.2013 को):** 25 और 40 वर्ष के बीच (किसी भी वर्ग को कोई छूट नहीं)। उम्मीदवार का जन्म 02/11/1973 से पहले और 01/11/1988 के बाद का नहीं होना चाहिए । (दोनों दिन शामिल)

(ग) **चयन योजना:** चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा । साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को रिक्तियों की संख्या के समानुपातिक रूप में सीमित करने की दृष्टि से अनुभव की न्यूनतम सीमा को बढ़ाए जाने का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित है । चुने गए (शार्ट लिस्ट) किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के स्थान तथा समय की सूचना यथासमय दी जाएगी ।

2. **आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय):**

₹ 100/- (एक सौ रुपये केवल) । अजा/अजजा/भारिबैं स्टाफ उम्मीदवारों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं है । शुल्क का भुगतान केवल इस विज्ञापन में निर्धारित तरीके (निम्नलिखित मद सं. 7) से ही किया जाना अपेक्षित है । आवेदन शुल्क (यदि कोई हो) के ऑफ-लाइन/ऑन-लाइन भुगतान के लिए बैंक लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा । एक बार शुल्क का भुगतान किए जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा ।

3. **साक्षात्कार के लिए केंद्र (उम्मीदवारों द्वारा अपने आवेदन में विकल्प दिया जाना है):**

केंद्रों के नाम (कोड संख्या सहित) जहां प्रत्येक केंद्र पर उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर साक्षात्कार आयोजित किए जा सकते हैं, निम्नानुसार हैं:

| **केन्द्र का नाम** | **कोड सं.** | **केन्द्र का नाम** | **कोड सं.** |
|---|---|---|---|
| बेंगलोर | (12) | हैदराबाद | (19) |
| कोलकाता | (15) | जम्मू | (21) |
| चेन्नै | (17) | मुंबई | (25) |
| गुवाहाटी | (18) | नई दिल्ली | (27) |

उम्मीदवार केवल एक ही केन्द्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कोड संख्या का उल्लेख ऑन-लाइन आवेदन में अवश्य किया जाए । बोर्ड को अधिकार है कि वह कोई भी केंद्र जोड़ अथवा हटा सकता है । चुने गए (शार्ट लिस्ट) किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय, तारीख तथा स्थान की सूचना यथासमय दी जाएगी । केन्द्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

4. **सेवा शर्तें/करिअर-संभावनाएं :**

(i) **वेतनमान:**

ग्रेड ए अधिकारियों के लिए लागू ₹17,100-1000 (11)-28100-द.रो.-1000(4)-32100-1100 (1)-33200 के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन ₹17,100/- प्रतिमाह होगा । वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के पात्र भी होंगे । वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग ₹39,249/- हैं । **इसके अतिरिक्त भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को वेतन सुरक्षा दी जाएगी ।**

**टिप्पणी:** जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है । बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है । ऐसी जानकारी बायो-डाटा फार्म के उचित कॉलम में दी जाए । अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या चार होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा ।

(ii) **अनुलाभ:**

पात्रता के अनुसार उपलब्धता के आधार पर बैंक आवास, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि । पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा । ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं, पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए) । आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम । चयनित उम्मीदवारों पर ग्रेच्युटी के लाभों के अलावा 'डिफाइन्ड कान्ट्रिब्यूशन न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)' लागू होगी ।

(iii) **बैंक को लागत:**

मुंबई में आवास के बाजार मूल्य (₹1.75 लाख)को शामिल करते हुए बैंक के लिए लागत के आधार पर अधिकारी ग्रेड 'ए' के पद से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग ₹ 9 लाख प्रतिवर्ष (लगभग) है ।

(iv) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है । किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है ।

(v) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी । बैंक के विवेकानुसार परिवीक्षा की अवधि अधिकतम चार वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है ।

(vi) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं ।

(vii) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

5. **सामान्य नियम/अनुदेश:**

(i) उम्मीदवारों को केवल ऑन-लाइन तरीके से आवेदन करना होगा । ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास एक वैध ई-मेल आईडी (जो पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहनी चाहिए), उनके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया (डिजिटल) प्रतिरूप (इमेज) हो जैसा निम्नलिखित मद सं. 9 में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(ii) यह अनिवार्य है कि आवेदन ऑन-लाइन किया जाए तथा अंतिम तारीख से पहले बैंक की वेबसाइट पर आवेदन के लिए वैध पंजीकरण लिया जाए । **उम्मीदवार वैध ऑन-लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) विधिवत भरे हुए बायो-डाटा फार्म (बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से डाउनलोड करने के बाद) की 6 प्रतियों तथा उनकी आयु, अर्हता तथा अनुभव के समर्थन में प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की प्रतियों के साथ बोर्ड कार्यालय को भेजें ।**

(iii) **वैध ऑन-लाइन पंजीकरण/आवेदन के बिना बोर्ड कार्यालय को भेजे गए दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे प्रेषकों से इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

(iv) ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि ऑन-लाइन आवेदन में दी गई जानकारी गलत/झूठी है या बैंक के अनुसार उम्मीदवार पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त कर दी जाएगी ।

(v) किसी अन्य तरीके, जो विज्ञापन में निर्धारित न किया गया हो, से किया गया भुगतान तथा/अथवा बिना शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) के जमा किए गए आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(vi) उम्मीदवारों को इस पद के लिए अपनी अर्हता के संबंध में संतुष्ट होना चाहिए । बोर्ड उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा ।

(vii) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा ।

(viii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा । **'अनापत्ति प्रमाणपत्र' के बिना किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।** भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

(ix) उम्मीदवारों को साक्षात्कार में बुलाए जाने अथवा अन्यथा के संबंध में यथासमय सूचित किया जाएगा । साक्षात्कार के लिए चुने गए (शार्टलिस्ट किए गए) उम्मीदवारों की सूची तथा समय सारिणी (अर्थात साक्षात्कार की तारीख, समय तथा स्थान) भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उचित समय पर प्रदर्शित की जाएगी ।

(x) बोर्ड के साथ पत्राचार, यदि कोई हो, करते समय रोल नं./पंजीकरण (प्राप्ति) संख्या अवश्य लिखें ।

(xi) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को उनके आवास स्थान/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी (गैर वातानुकूलित) (नॉन-एसी)/II एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

(xii) भारतीय रिज़र्व बैंक के वे कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार) भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं जो बैंक के दिनांक 09 सितंबर 2010 के अपने परिपत्र केंका. प्रकाप्रवि.केंभअ. सं. 4062/05.01.12/2010-2011 के द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं तथा जो अंतिम तारीख से पहले ऑन-लाइन आवेदन करते हैं । ऑन-लाइन आवेदन करने के बाद स्टाफ उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे प्रिंट आउट निकाल लें तथा हार्ड कॉपी (सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों तथा बायो-डाटा फार्म की प्रतियों के साथ) भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड को भेजे जाने के लिए स्थानीय मानव संसाधन प्रबंध विभाग को जमा कर दें ।

(xiii) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है । तथापि साक्षात्कार के अंक अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेबसाइट पर इंटरएक्टिव मोड पर उपलब्ध होंगे ।

(xiv) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी ।

(xv) पात्रता, साक्षात्कारों के आयोजन, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(xvi) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल मुंबई स्थित न्यायालयों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा ।

6. **आवेदन कैसे करें:**

(क) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट अर्थात www.rbi.org.in के माध्यम से **केवल ऑन-लाइन आवेदन** करना होगा। ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं । **उम्मीदवार ऑन-लाइन आवेदन (वैध पंजीकरण संख्या सहित) का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) बायो-डाटा फार्म की 6 प्रतियों (जो वेबसाइट पर अलग से उपलब्ध है) तथा निम्नलिखित प्रत्येक प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की एक फोटोप्रति के साथ अवश्य भेजें :**

i. आयु के समर्थन में मैट्रिक अथवा एसएससी परीक्षा का प्रमाणपत्र ।

ii. शैक्षणिक अर्हताओं के समर्थन में डिग्री प्रमाणपत्र तथा अंक पत्रक ।

iii. रक्षा अधिकारियों के मामले में प्रमाणपत्र जिसमें रक्षा सेना (अर्थात थल/जल/वायु सेना) में कमीशन प्राप्त अधिकारी के रूप में आपकी सेवा का पूरा ब्यौरा दिया गया हो ।

iv. अर्धसैनिक सेवाओं के कर्मियों के मामले में प्रमाणपत्र जिसमें सहायक कमांडेंट अथवा इसके समकक्ष रैंक समेत आपकी सेवा के पूरे ब्यौरे दिए गए हों । यदि रैंक सहायक कमांडेंट के अलावा कुछ और है तो नियोक्ता से अतिरिक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें जिसमें यह दर्शाया गया हो कि यह रैंक सहायक कमांडेंट के समकक्ष है ।

*Continued on next page...*

...continued from previous page

v. सेवानिवृत्त कर्मियों के मामले में नियोक्ता/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र/सर्विस रिकार्ड बुक/रिकार्ड आफ सर्विस बुक , जिसमें रैंक/पदनाम सहित सेवा ग्रहण करने की तारीख, रैंक/पदनाम सहित सेवा मुक्ति की तारीख तथा सेवा मुक्ति के कारण आदि दर्शाए गए हों

vi. यदि उम्मीदवार अजा/अजजा/अपिव वर्ग से संबंधित है तो वेबसाइट पर दिए गए फार्मेट में सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त नवीनतम जाति प्रमाणपत्र की प्रति

(ख) उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे निम्नलिखित दस्तावेज भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (आरबीआईएसबी) को साधारण डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर भेज दें:

**महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618, मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008**

सभी वैध पंजीकृत उम्मीदवारों द्वारा उक्त पते पर भेजे जाने वाले दस्तावेजों की सूची:

(i) ऑन-लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) ।

(ii) उक्त पैरा 6(क) में उल्लिखित प्रत्येक लागू प्रमाणपत्रों की एक फोटोप्रति ।

(iii) बायो-डाटा फार्म की छ: प्रतियां (उम्मीदवार की मूल फोटो केवल एक प्रति पर चिपकाई जाए) [बायो-डाटा फार्म बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं]

(ग) यदि उक्त दस्तावेज (हार्ड कॉपी) इस विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तारीख तक बोर्ड को प्राप्त नहीं होती तो ऑन-लाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा ।

(घ) आवेदन के लिफाफे पर सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) ग्रेड ए के पद के लिए आवेदन लिखा होना चाहिए

(ड.) आवेदन तथा दस्तावेज की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

(च) **ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए पूर्वापेक्षा:**

ऑन-लाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवारों को निम्नलिखित तैयारी करनी चाहिए

(i) इस विज्ञापन की मद 9 में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर को स्कैन करने के लिए दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर स्कैन करें ।

(ii) यदि अपेक्षित आवेदन शुल्क का भुगतान ऑन-लाइन किया जाना वांछनीय है तो आवश्यक ब्यौरे/दस्तावेज तैयार रखें (ऑफ-लाइन भुगतान अर्थात नामोद्दिष्ट बैंकों के माध्यम से भुगतान के मामले में उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन करने के बाद 'शुल्क भुगतान चालान' का प्रिंट लेना होगा तथा इसके बाद आवश्यक आवेदन शुल्क को जमा करना होगा) ।

(iii) उम्मीदवार के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए जिसे अंतिम परिणाम की घोषणा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए । यह साक्षात्कार की सूचना आदि ई-मेल से प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है । भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक ई-मेल आईडी में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

7. **ऑन-लाइन आवेदन करने की प्रक्रिया**

(i) ऑन-लाइन आवेदन भरने के लिए उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर जाएं ।

(ii) उम्मीदवारों को अपने आधारभूत ब्यौरे भरने होंगे तथा इस विज्ञापन की मद 9 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऑन-लाइन आवेदन फार्म में फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे ।

(iii) उम्मीदवार ऑन-लाइन आवेदन में उपयुक्त स्थानों पर सभी ब्यौरे ध्यानपूर्वक भरें तथा ऑन-लाइन आवेदन के अंत में SUBMIT बटन पर क्लिक करें । SUBMIT बटन दबाने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भरे गए प्रत्येक फील्ड की पुन: जांच कर लें । बोर्ड ऑन-लाइन आवेदन में भरी गई किसी जानकारी को बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं करेगा । सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण/प्राप्ति संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें । अनंतिम पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भी भेजा जाएगा ।

(iv) यदि उम्मीदवार एक ही बार में डेटा न भर पाएं तो वे पहले से भरे हुए डेटा को सेव (Save) कर सकते हैं । जब डेटा सेव किया जाता है तब सिस्टम द्वारा पंजीकरण/प्राप्ति संख्या तथा पासवर्ड तैयार किया जाएगा तथा स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। उम्मीदवार यह पंजीकरण/प्राप्ति संख्या तथा पासवर्ड लिखकर रख लें । पंजीकरण/प्राप्ति संख्या तथा पासवर्ड दर्शाता हुआ एक ई-मेल तथा एसएमएस भेजा जाएगा । उम्मीदवार पंजीकरण संख्या तथा पासवर्ड का उपयोग करके सेव किया गया डेटा पुन: खोल सकते हैं तथा यदि आवश्यक हो तो ब्यौरे संपादित कर सकते हैं । इस सुविधा का प्रयोग केवल तीन बार किया जा सकता है । आवेदन के पूरी तरह भर जाने पर उम्मीदवार डेटा सबमिट करें ।

(v) **आवेदन शुल्क के भुगतान का तरीका**

उम्मीदवारों के पास विकल्प है कि वे अपेक्षित शुल्क का भुगतान ऑन-लाइन अथवा ऑफ-लाइन तरीके से करें :

**विकल्प-I: शुल्क का भुगतान (ऑफ-लाइन भुगतान):**

(I) ऑन-लाइन आवेदन भरने के बाद उम्मीदवार सिस्टम द्वारा तैयार किए गए शुल्क भुगतान चालान का प्रिंटआउट तुरंत प्राप्त करें । इसके बाद कोई भी परिवर्तन/संपादन करने की अनुमति नहीं होगी । इस चरण में पंजीकरण अनंतिम है ।

(II) शुल्क भुगतान पंजीकरण के बाद दूसरे कार्यदिवस से स्वीकार किया जाएगा तथा यह तीन कार्यदिवसों के भीतर बैंक ऑफ बड़ौदा/ बैंक ऑफ इंडिया/ बैंक ऑफ महाराष्ट्र/ सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया/ इंडियन ओवरसीज बैंक/ पंजाब नेशनल बैंक/ यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में किया जा सकेगा। शुल्क जमा करने के लिए केवल सिस्टम द्वारा तैयार भुगतान चालान का प्रयोग किया जाए । (उदाहरण के लिए: यदि किसी ने अपना पंजीकरण 28 नवंबर 2013 को किया है तो वह शुल्क 30 नवंबर से 3 दिसंबर 2013 तक जमा कर सकता/सकती है, क्योंकि 1 दिसंबर 2013 कार्यदिवस नहीं है)। शुल्क का भुगतान हो जाने के बाद पंजीकरण की प्रकिया पूरी हो जाएगी।

(III) शुल्क का भुगतान हो जाने की तारीख से दो कार्यदिवसों के बाद उम्मीदवार को SMS/ई-मेल से पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त हो जाएगी। ध्यान रहे कि आप सही मोबाइल नंबर/ ई-मेल पता दें, ताकि पंजीकरण की पुष्टि प्राप्त कर सकें ।

**टिप्पणी:** शुल्क का भुगतान करने की तारीख से तीन दिन के बाद प्रस्तुत आवेदन का पुन: प्रिन्ट लेने का प्रावधान भी है (केवल 22 दिसंबर 2013 तक), जिसमें शुल्क का विवरण भी रहेगा।

**विकल्प-II: शुल्क का भुगतान: (ऑन-लाइन भुगतान):**

(I) आवेदन फार्म में दिए गए सभी ब्यौरों की परिशुद्धता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे स्क्रीन पर उपलब्ध अनुदेशों का पालन करते हुए आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करें । इसके बाद किसी भी परिवर्तन/संपादन की अनुमति नहीं होगी ।

(II) स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी प्रदान करके भुगतान मास्टर/वीजा डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकता है । ऑन-लाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवारों द्वारा किया जाएगा ।

(III) लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ई-रसीद और आवेदन फार्म तैयार होगा; उम्मीदवार अपने रिकार्ड के लिए इसका प्रिन्ट ले सकते हैं।

(IV) यदि ऑन-लाइन लेनदेन (भुगतान कार्य) सफलतापूर्वक पूरा नहीं हुआ है तो उम्मीदवार फिर से पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए उम्मीदवार फिर से ऑन-लाइन आवेदन लिंक पर जाएं, अपने आवेदन के ब्यौरे फिर से भरें और ऑन-लाइन भुगतान करें ।

(V) असफल लेनदेन (भुगतान कार्य) के लिए डेबिट की गई शुल्क राशि को उम्मीदवार के खाते में यथासमय लौटाया जाएगा ।

**टिप्पणी - ई- रसीद और शुल्क भुगतान के ब्यौरे सहित आवेदन फार्म को पुन:प्रिन्ट करने का प्रावधान केवल 22 दिसंबर 2013 तक ही उपलब्ध होगा ।**

**महत्त्वपूर्ण-** ऑन-लाइन आवेदन जमा करने तथा /अथवा शुल्क के भुगतान में कोई कठिनाई होने पर उम्मीदवार टोल-फ्री हैल्पलाइन नं. 1800 22 23 66 पर संपर्क कर सकते हैं ।

8. **अंतिम तारीखें:**

| | |
|---|---|
| **शुल्क का भुगतान ऑन-लाइन** | **17 दिसंबर 2013** |
| **शुल्क का भुगतान - ऑफ-लाइन** | **21 दिसंबर 2013** |
| **ऑन-लाइन आवेदन की अंतिम तारीख** | **17 दिसंबर 2013** |
| **वेबसाइट से ऑन-लाइन आवेदन का पुन: प्रिंट लेने की सुविधा की अंतिम तारीख** | **22 दिसंबर 2013** |
| **भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय में प्रमाणपत्रों/ दस्तावेजों तथा बायो-डाटा फार्म की प्रतियों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तारीख** | **24 दिसंबर 2013** |

**टिप्पणी:**

(i) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से **डाक द्वारा** प्राप्त आवेदनों तथा दस्तावेजों के मामले में अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2013, अपराह्न 6.00 बजे तक है । ऐसे उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन तथा शुल्क जमा करने के लिए बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा ।

(ii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यह उनके हित में है कि वे अंतिम तारीख से काफी समय पहले ऑन-लाइन आवेदन करें तथा शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तारीख की प्रतीक्षा न करें ताकि वे इंटरनेट पर भारी दबाव अथवा वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन न कर सकने/असफल होने से बच सकें ।

(iii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन का प्रिंटआउट तथा उक्त पैरा 6 में उल्लिखित अन्य संगत दस्तावेज भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय को तुरंत भेज दें ताकि डाक में विलंब से बचा जा सके तथा ये बोर्ड कार्यालय, मुंबई में अंतिम तारीख से पहले पहुंच जाएं ।

(iv) उक्त कारणों अथवा किसी अन्य कारण से अंतिम दिनों में आवेदन जमा न कर सकने वाले उम्मीदवारों के तथा आवेदन व दस्तावेजों की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उनके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

9. **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश**

ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के लिए अपेक्षित है कि उसके पास, नीचे दिए गए विशेष विवरण के अनुसार, उसके फोटो तथा हस्ताक्षर का स्कैन किया गया (डिजिटल) प्रतिरूप (इमेज) हो ।

(I) **फोटोग्राफ इमेज:**

- फोटो नवीनतम व पासपोर्ट आकार का कलर में होना चाहिए और बैकग्राउंड हलके रंग में होनी चाहिए (बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा) ।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें ।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो इस प्रकार फोटो खींचे कि सूर्य आपके पीछे की ओर हो अथवा खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने ।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि कोई परावर्तन न हो तथा चश्मे के लेन्स से आपकी आंखें साफ दिखाई दें ।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सिर पर पहने जाने वाले धार्मिक वस्त्रों की अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए ।

(II) **हस्ताक्षर की इमेज:**

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें । (2 सेमी x 5 सेमी के बॉक्स में)
- उम्मीदवार स्वयं ही हस्ताक्षर करें, कोई दूसरा व्यक्ति हस्ताक्षर नहीं करे ।

(III) **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग:**

(क) **फोटोग्राफ:**

- स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi (डॉट्स पर इंच) के रिजोल्यूशन पर रखें।
- कलर को True Color पर रखें।
- रिजोल्यूशन 200 x 230 पिक्सेल (बेहतर होगा) ।
- फोटोग्राफ के लिए फाइल का आकार 20KB - 50 KB के बीच रहे ।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। यदि फाइल का आकार 50 KB से अधिक बन रहा हो तो स्कैनिंग प्रक्रिया के दौरान DPI रिजोल्यूशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें ।

(ख) **हस्ताक्षर:**

- रिजोल्यूशन 140 x 60 पिक्सेल (बेहतर होगा) ।
- फोटोग्राफ के लिए फाइल का आकार 10KB - 20 KB के बीच रहे ।
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 20KB से ज्या दा नहीं हो।
- स्कैनर में हस्ताक्षर की इमेज को एकदम किनारे पर crop करें फिर अपलोड एडिटर में crop का प्रयोग कर इमेज को (ऊपर बताए अनुसार) अंतिम आकार दें ।

- हस्ताक्षर और फोटोग्राफ इमेज की फाइल JPG या JPEG फॉर्मेट में होनी चाहिए । उदाहरण के लिए फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस ले जा कर देख सकते हैं।
- MS Windows/MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार MS Paint या MS Office Picture Manager का प्रयोग कर फोटो और हस्ताक्षर को आसानी से क्रमश: 50KB और 20KB के.jpeg फार्मेट में तैयार कर सकते हैं।
- फोटो और हस्ताक्षर को स्कैन करके बनी हुई किसी भी फार्मेट की फाइल को File menu में 'Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से .jpg फार्मेट में सेव किया जा सकता है तथा crop एवं resize विकल्प का प्रयोग करके फाइल आकार 50KB (फोटोग्राफ) तथा 20KB (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है । अन्य फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं ।
- यदि फाइल का आकार और फार्मेट निर्धारित किए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा ।
- ऑन-लाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार पेज 1 पर अपने विवरण भरें, यह जांच लेने के बाद कि भरे गए विवरण सही हैं तो "Submit/ Next" बटन पर क्लिक करने के बाद ऑन-लाइन आवेदन फार्म के पेज 2 पर एक लिंक दिखाई देगा जिसके अनुसार अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने का तरीका:**

(i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक रहेंगे।

(ii) संबंधित लिंक अर्थात Upload Photograph / Signature पर क्लिक करें।

(iii) उस लोकेशन को Browse और ध्यानपूर्वक Select करें जहां आपने स्कैन किए हुए फोटो/हस्ताक्षर की फाइल सेव की है।

(iv) फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।

(v) 'Upload' बटन पर क्लिक करें।

यदि आप अपना फोटो और हस्तांक्षर ऊपर बताए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑन-लाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

**टिप्पणी:**

(क) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।

(ख) यदि फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट न हों तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित करें और अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें।

(ग) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वैध पंजीकरण के बाद सिस्टम से तैयार किए गए ऑन-लाइन आवेदन फार्म का प्रिन्ट आउट निकाल लें । आवेदन का प्रिंटआउट बोर्ड कार्यालय (महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 4618, मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008) को मद 6 में उल्लिखित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की प्रतियों के साथ भेजें । यदि दस्तावेज (हार्ड कॉपी) विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तारीख तक बोर्ड कार्यालय में प्राप्त नहीं होते हैं तो उम्मीदवार द्वारा पंजीकृत किए गए ऑन-लाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा व इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(घ) यह अनिवार्य है कि अंतिम तारीख से पहले बैंक की वेबसाइट पर ऑन-लाइन आवेदन कर पंजीकरण (शुल्क सहित, यदि लागू हो) किया जाए । ऑन-लाइन पंजीकरण के बिना बोर्ड कार्यालय को भेजे गए दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे प्रेषकों से इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

(ड.) ऑन-लाइन आवेदन जमा करने तथा /अथवा शुल्क के भुगतान में कोई कठिनाई होने पर उम्मीदवार टोल-फ्री हैल्पलाइन नं. 1800 22 23 66 पर संपर्क कर सकते हैं ।